# टीएमसी के कुशासन का होगा खात्मा

## कोलकाता के संवाददाता सम्मेलन में अमित शाह बोले- बीजेपी दो तिहाई से बनाएगी सरकार

**कोलकाता/नई दिल्ली, 30 दिसंबर. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता तृणमूल कांग्रेस सरकार के कुशासन से त्रस्त है और बदलाव चाहती है, राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को दो तिहाई बहुमत से जीत मिलेगी.**

राज्य के दौरे पर आये अमित शाह ने कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के 14 साल के कुशासन से त्रस्त और तंग आकर खात्मा का मन बना चुकी है. उन्होंने कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, उद्यमों के राज्य से बाहर भागने, प्रति व्यक्ति आय में कमी समेत तमाम मुद्दों पर



ममता सरकार को घेरा. शाह ने विश्वास जताया आगामी चुनाव में जनता भय, भ्रष्टाचार और घुसपैठ को बढ़ावा देने वाली तृणमूल कांग्रेस को दरकिनार कर विकास, वरासत और गरीब कल्याण के लिये एक मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है.

### जीत का दावा

राज्य में 34 वर्षों तक राज करने वाला कम्युनिस्ट गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिली है और हमारी पार्टी विपक्ष की भूमिका में है. श्री शाह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने 39 प्रतिशत वोट प्राप्त किए और 12 सीटें प्राप्त कीं. उन्होंने दावा किया कि 2026 में हम निश्चित रूप से प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने वाले है. श्री शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ बंगाल का नहीं यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है.

### चुनाव से पहले जनसंपर्क अभियानों पर फोकस

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीतिक तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार रात कोलकाता पहुंचे और दमदम हवाई अड्डे से सीधे भाजपा के सॉल्ट लेक स्थित राज्य कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने करीब एक घंटे तक चली बंद कमरे की बैठक की अध्यक्षता की. इस बैठक में राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ बंगाल के प्रभारी केंद्रीय नेता भी मौजूद रहे. हालांकि बैठक पूरी तरह गोपनीय रही, लेकिन पार्टी सूत्रों के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य चुनावी रणनीति को और मजबूत करना था. अमित शाह ने संगठन की मौजूदा स्थिति, जनाधार और आगामी अभियानों की प्रगति को लेकर विस्तार से जानकारी ली. उन्होंने विशेष रूप से प्रस्तावित रोड शो, जनसभाओं और राज्यव्यापी रथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की. सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्री ने सदस्यता अभियान, मंडल स्तर की पदयात्राओं और बूथ प्रबंधन पर गहन सवाल किए. उन्होंने नेताओं से यह भी पूछा कि जमीनी स्तर पर पार्टी की मौजूदगी कैसी है.

# अरविंद केजरीवाल बोले-शिक्षक पढ़ाएं या सड़कों पर कुत्ते गिनेंगे

▸ शिक्षकों से कुत्ते गिनवाने के आदेश पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को लेकर तीखा हमला बोला है.**

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए सवाल उठाया कि दिल्ली में सरकारी स्कूलों के शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे या फिर सड़कों पर कुत्ते गिनेंगे केजरीवाल ने कहा भाजपा सरकार का यह आदेश उसकी सोच और प्राथमिकताओं को बेनकाब



करता है. उनके मुताबिक भाजपा के लिए शिक्षा कोई मुद्दा ही नहीं है और शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कामों में उनका अपमान किया जा रहा है, जिससे स्कूल व्यवस्था बर्बाद हो रही है. उन्होंने दावा किया आप की सरकार थी, तब शिक्षकों को सम्मान दिया गया.

# चीन कर रहा है ताइवान पर हमले की तैयारी - अमेरिकी सीनेटर

**ताइपे/नई दिल्ली.** अमेरिकी सीनेटर रोजर विकर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि चीन ने ताइवान पर हमला करने की तैयारी तेज कर दी है. उन्होंने कहा कि चीन की तैयारी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की नाकाबंदी करने की क्षमता दिखाने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन की गई है. श्री रोजर ने कहा, ताइवान पर हमले के लिए चीन के अभ्यास लगातार तेज हो रहे हैं. ये कम समय के नोटिस पर होने वाले अभ्यास पीएलए की ताइवान की नाकाबंदी लागू करने की क्षमता दिखाने और कम्युनिस्ट चीनी पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन किए हैं.

# 'अर्जेंट कॉल' पर दिल्ली छोड़ ढाका पहुंचे बांग्लादेश के हाई कमिश्नर

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर. भारत-बांग्लादेश के संबंध नाजुक और तनावपूर्ण बने हुए हैं. इस बीच भारत में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर रियाज हमीदुल्लाह को एक 'अर्जेंट कॉल' आया और वह रातोंरात बांग्लादेश वापस चले गए.**

भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में हाल की स्थिति को देखते हुए नई दिल्ली में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर एम रियाज हमीदुल्लाह को अर्जेंट बेसिस पर ढाका बुलाया गया. विदेश मंत्रालय के सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर इस अखबार को बताया कि हमीदुल्लाह सोमवार रात को बुलावे पर ढाका पहुंच गए हैं. बता दें कि भारत और बांग्लादेश के बीच



हाल में रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं. कूटनीतिक टकराव का ये सिलसिला 2024 में शेख हसीना की सत्ता से बेदखली से ही शुरू हुआ है. हाल ही बांग्लादेश में हिन्दू युवक दीपू दास को जलाकर मार दिया था. इसके बाद दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे. वहीं बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के नेता उस्मान हादी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

# राष्ट्रपति मुर्मू से सीएम हेमंत सोरेन की मुलाकात

**रांची, 30 दिसंबर. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने मंगलवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रांची स्थित लोकभवन (राजभवन) में मुलाकात की.**

यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में हुई, जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में औपचारिक बातचीत की गई. राष्ट्रपति के झारखंड प्रवास के दौरान इस भेंट को राज्य के राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. सूत्रों के



अनुसार, मुलाकात के दौरान राज्य से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सामान्य चर्चा हुई. हालांकि आधिकारिक रूप से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया है और किसी विशेष मुद्दे पर विस्तृत बातचीत की जानकारी साझा नहीं की गई है. राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के बीच इस तरह की मुलाकातें केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय और संवाद को दर्शाती हैं.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ विधायक कल्पना सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद रहीं. राष्ट्रपति से उनकी यह भेंट औपचारिक होने के साथ-साथ सम्मान और अभिवादन का प्रतीक रही. लोकभवन में हुई इस मुलाकात के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने अगले कार्यक्रम के लिए गुमला जिले के लिए रवाना हो गईं. गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में राष्ट्रपति एक अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी. यह कार्यक्रम क्षेत्रीय संस्कृति, लोककला और जनपरंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. राष्ट्रपति की उपस्थिति से इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलने की उम्मीद है. राष्ट्रपति के झारखंड दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# बांग्लादेश में 12 दिन में तीसरे हिंदू की हत्या

ढाका, 30 दिसंबर. बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीते 12 दिनों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है। घटना सोमवार शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपजिला की सुलताना स्वेटर्स लिमिटेड फैक्ट्री में हुई। मृतक की पहचान बजेंद्र बिस्वास (42) के रूप में हुई है, जो फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड था। आरोपी नोमान मिया (29) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों फैक्ट्री में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान मिया ने सरकारी शॉटगन से बजेंद्र पर बायीं जांघ में गोली मार दी.

## भारतीय खाद्य निगम

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2025/35 दिनांक: 31.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**

# बीएमसी चुनाव में भाजपा 137, शिवसेना 90 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**मुंबई, 30 दिसंबर. भाजपा और शिवसेना ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए सीट बंटवारे के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया है.**

समझौते के अनुसार, बीएमसी के 227 वार्डों में से भाजपा 137 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शिवसेना 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. दोनों पार्टियां अपने-अपने कोटे से सहयोगियों को भी सीटें आवंटित करेंगी. यह निर्णय सोमवार रात उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आधिकारिक निवास नंदनवन बंगले में आयोजित एक संयुक्त बैठक के दौरान लिया गया. समझौते की घोषणा मंगलवार को भाजपा मुंबई इकाई अध्यक्ष अमित साटम और शिवसेना नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की. श्री साटम ने दावा किया कि मुंबई की पहचान बदलने की कोशिश करने वाली ताकतों को हराया जाएगा और विकास के साथ-साथ शहर की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी.

श्री शेवाले ने कहा कि यह समझौता सकारात्मक माहौल में तय हुआ है और दोनों पार्टियां बीएमसी में %भगवा शासन% स्थापित करने के लिए सामूहिक रूप से लड़ेंगी. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस समझौते की पुष्टि की और कहा कि गठबंधन के अन्य भागीदारों को भी इसी व्यवस्था के भीतर समायोजित किया जाएगा.

## मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

Your host in the heart of India
www.mpstdc.com

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 442/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 30.12.2025

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | नि.सू. क्र./सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 226/2025_STDC_471872_1/पूर्वा फाल रीवा स्थित पुराने किसान भवन को पर्यटन निगम की इकाई में परिवर्तित करने हेतु रिनोवेशन, इंटीरियर, फर्निशिंग, आंतरिक विद्युतीकरण एवं अन्य विकास कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 15 माह) | 408.36 |
| 2. | 227/2025_STDC_471874_1/ओरछा जिला निवाडी स्थित गढकुंडार फोर्ट में पीने के पानी की सुविधा, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण एवं अन्य कार्य टॉयलेट ब्लॉक के 05 वर्ष के रख-रखाव सहित। (कार्यपूर्णता का समय 06 माह) | 90.84 |
| 3. | 228/2025_STDC_471875_1/दमोह स्थित शिव मंदिर, खर्राघाट के पास विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 08 माह) | 78.00 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 14.01.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/123730/2025 **कार्यपालन यंत्री**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया जिला छिन्दवाड़ा

Telephone: 07161.230508; E-mail: cmodongarparasiya@mpurban.gov.in

क्रमांक -1654/PWD/NPP/2025 डोंगर परासिया, दिनांक 30-12-2025

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_471901_1 दि. 30-12-2025 | वार्ड क्र. 07 चक्की नाला के पास घाट निर्माण/फाउण्टेन निर्माण/लाईटिंग/सौन्दयीकरण एवं स्वच्छता संबंधित अन्य निर्माण कार्य | 09 माह, 90,98,843/- | 10,000/- 68,300/- | 04-02-2026 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**विनोद मालवीय**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया जिला छिंदवाड़ा मप्र.**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया**

## लोगों के लिए 'ध्रुव-एनजी' की सौगात

बेंगलुरु, 30 दिसंबर. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में अगली पीढ़ी के नागरिक हेलिकॉप्टर ध्रुवका उद्घाटन किया. इस अवसर पर एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील भी मौजूद थे. नायडू ने उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, ध्रुव-एनजी की पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो स्वदेशी हेलीकॉप्टर का एक नागरिक संस्करण है, जिसे एचएएल ने 2025 एयरो इंडिया शो में प्रदर्शित किया था. 'ध्रुव-एनजी' हेलीकॉप्टर से आम नागरिक उड़ान भर सकेंगे. इसी के साथ मेडिकल इमरजेंसी, पर्यटन और आपदाओं में इसका इस्तेमाल किया जाएगा.

## रेहान वाड्रा-अवीवा बेग की सगाई की चर्चा

नई दिल्ली, 30 दिसंबर. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार वजह उनकी निजी ज़िंदगी है. मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रेहान की लंबे समय से गर्लफ्रेंड रहीं अवीवा बेग से सगाई हो गई है. हालांकि इस खबर को लेकर अब तक गांधी या वाड्रा परिवार की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. रेहान वाड्रा और अवीवा बेग की सगाई को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाएं तेज़ हो गई हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों पिछले सात वर्षों से रिलेशनशिप में हैं और हाल ही में परिवार के बेहद करीबी लोगों की मौजूदगी में सगाई समारोह आयोजित किया गया. हालांकि, यह भी साफ किया गया है कि इस खबर की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हुई है और इसे लेकर परिवार की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है.

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति- बिछिया जिला- मंडला (म.प्र.)

क्रमांक/मण्डी / निरी./2025-26/470 **नीलामी इश्तहार** बिछिया दिनांक :- 30/12/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मंडला द्वारा बिना मंडी फीस का भुगतान किये हुए अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे लगभग 350 क्विंटल (अनुमानित) मूंगफली दाना को जप्त कर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधान के अंतर्गत मंडी समिति के पक्ष में राजसात किया गया है, राजसात की गई उक्त मूंगफली दाना की नीलामी दिनांक 13/01/2026 समय प्रात : 11.00 बजे कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मंडला (म.प्र.) में की जायेगी बोली में म.प्र. राज्य के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी भाग ले सकते है।

| क्रं. | अधिसूचित कृषि जिस का नाम | अनुमानित मात्रा (क्विंटल में) | न्यूनतम शासकीय बोली प्रति क्विंटल | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मूंगफली दाना | 350 | 7263 | 50000 |

शर्ते - 1. नीलामी प्रारंभ होने के पूर्व धरोहर राशि 50000/- (अंकन पचास हजार रुपए) नगद / बैंक ड्राफ्ट सचिव कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मंडला के नाम देय जमा करना अनिवार्य होगा तभी नीलामी में भाग ले सकते है।
2. नीलामी में भाग लेने वाले अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी को लिखित आवेदन पत्र के साथ अपना जीवित लायसेंस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पेनकार्ड संबंधित क्षेत्र के मंडी सचिव से छायाप्रति सत्यापित कराकर बोली के पूर्व मंडी कार्यालय बिछिया में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. अधिकतम बोली लगाने वाले बोलीकर्ता को 03 दिवस के अंदर पूर्ण राशि मंडी कार्यालय बिछिया में जमा होने के उपरान्त ही कृषि उपज का उठाव किया जा सकेगा निर्धारित अवधि तक राशि जमा न करने पर धरोहर राशि जप्त कर नीलामी निरस्त कर दी जावेगी।
4. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में मंडी समिति बिछिया का निर्णय अंतिम होगा जो सभी को मान्य होगा।

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति-बिछिया**
**जिला-मंडला**

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति-बिछिया**
**जिला-मंडला**

## कार्यालय नगर परिषद केवलारी, जिला सिवनी (म. प्र.)

**पुलिस थाना के पास, केवलारी जिला-सिवनी (म. प्र.)** Email-cmokewlari@mpurban.gov

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_469873_1 Dated-19/12/2025 NIT No. 1466/NP/2025 | निकाय में विभिन्न शाखाओं में कार्य हेतु कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिकों को रखे जाने के संबंध में निवादा | 12 माह 1,60,00,000/- | 16,000/- 80,000/- | 24.01.2026 |
| 2025_UAD_469868_1 Dated-19/12/2025 NIT No. 1467/PWP/2025 | वार्ड क्र. 01 घुडसार से बड़ी नहर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 65,20,884/- | 5,000/- 49,000/- | 24.01.2026 |
| 2025_UAD_469869_1 Dated-19/12/2025 NIT No. 1467//PWP/2025 | वार्ड क्र. 02 देवकरण टोला में हनुमान मंदिर के पास एवं कन्हैया ठाकुर के मोहल्ले में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 17,70,579/- | 2,000/- 13,200/- | 24.01.2026 |
| 2025_UAD_469870_1 Dated-19/12/2025 NIT 1467//PWP/2025 | वार्ड क्र. 02 डोम में महेश कुमार ग्यारसिया के घर से मेन रोड तक दिलीप ठाकुर के घर से चुन्नी लाल बघेल के घर तक घनश्याम बघेल के घर से मेन रोड, विपिन बघेल के घर से नरेन्द्र बघेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 17,70,579/- | 2,000/- 13,300/- | 24.01.2026 |
| 2025_UAD_469871_1 Dated-19/12/2025 NIT 1467//PWP/2025 | वार्ड क्र. 01 मलारा में आंगनवाड़ी से नरेश बंदेवार के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 17,64,801/- | 2,000/- 13,300/- | 24.01.2026 |
| 2025_UAD_471552_1 Dated-29/12/2025 NIT 1510//PWD/2025 | वार्ड क्र. 02 देवकरण टोला में हनुमान मंदिर से छोटा पुल तक आर. सी.सी. नाली एवं कन्हैया ठाकुर घर से सिवनी मण्डला मैन रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 12 माह 16,64,325/- | 2,000/- 12,500/- | 04.02.2026 |

शर्त:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, केवलारी**


## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

www.pmfby.gov.in
UIN:IRDAN126RP0001V01201617

**रबी 2025-26**

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

**भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित**

**रबी मौसम हेतु अधिसूचित फसलें : गेहूं-सिंचित, गेहूं-असिंचित, चना, अलसी, मसूर एवं राई/सरसों**



**वित्तीय संस्थाओं व कृषकों के लिए मुख्य बिन्दु :**

- सभी कृषकों का बीमा कवरेज भारत सरकार के पोर्टल **pmfby.gov.in** द्वारा ही स्वीकृत होगी।
- प्रीमियम राशि केवल **NCI-Portal** के भुगतान गेटवे **Pay-Gov.** द्वारा ही भेजी जाए।
- सभी कृषकों का आधार नंबर होना अनिवार्य है।

**किसान द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का मात्र 1.5%**



**बीमा करवाने हेतु संपर्क करें :**

- बैंक की किसी निकटस्थ शाखा/सहकारी समिति (जहां उनका बचत खाता है)
- ग्राहक सेवा केन्द्र/कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)
- फसल बीमा पोर्टल (www.pmfby.gov.in) पर ऑनलाइन
- क्रॉप इंश्योरेंस एप (Crop Insurance App)
- ए.आई.सी. के प्रतिनिधि/कार्यालय अथवा अधिकृत इन्टरमीडियरीज

**बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31/12/2025**

**आवश्यक प्रपत्र :**

- आधार कार्ड
- बैंक पासबुक की छायाप्रति
- भूमि संबंधित दस्तावेज (खतौनी)

व्हाट्सएप पर हमसे जुड़ें

**पीएमएफ़बीवाई चैट बॉट 7065514447**

HO/25-26/1A/31

शिकायत के मामले में क्षेत्रीय कार्यालय के शिकायत निवारण अधिकारी से संपर्क करें या https://www.aicofindia.com/grievance-form पर लॉग ऑन करें

**भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.**

क्षेत्रीय कार्यालय: जीवन शिखा, केंद्रीय आंचलिक कार्यालय, 60-बी, प्रथम तल, उत्तर विंग, होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462011 फोन : 0755-2676695 ई-मेल: ro.bhopal@aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126

aicofindialtd | aicofindia | aicofindia | aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।

**फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥**

विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)